वी.यू. में महामहिम राज्यपाल द्वारा डिजिटल लायब्रेरी का लोकार्पण

आज नानाजी **देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय** में कुलाधिपति एवं महामहिम राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल का आगमन हुआ। **विश्वविद्यालय** के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल द्वारा स्वागत किया गया।

बालिका छात्रावास में पौधारोपणः— महामहिम ने बालिका छात्रावास में पौधारोपण किया। उसके उपरांत छात्रावास का भ्रमण कर छात्राओं से संवाद किया।

पंचगव्य इकाई का भ्रमणः— महामहिम द्वारा पंचगव्य निर्माण इकाई का भ्रमण किया एवं गोबर गमला, हवन टिकिया, मच्छर कुंडली के बारे में जानकारी ली। निर्माण इकाई की प्रशंसा करते हुये उन्होंने इस तकनीक को गांवो तक ले जाने की आवश्यकता बताई जिससे पशुपालकों को लाभ मिले।

डिजिटल लायब्रेरी का लोकार्पण :— महामहिम महोदया ने डिजिटल लायब्रेरी का लोकार्पण किया। माननीय कुलपति ने लायब्रेरी में उपलब्ध सुविधायें जैसे कृषि कोष, सेरा, यूनियन केटॉलॉक के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष लायब्रेरी में 61 ई बुक्स एवं 4 ऑनलाइन जनरल्स का क्रय किया गया है।

छात्राओं द्वारा स्वच्छ भारत अभियान हेतु लघुनाटिकाः— महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वच्छ भारत अभियान हेतु एक लघुनाटिका का नाट्य मंचन किया गया। महामहिम ने छात्राओं को संबोधित करते हुये कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं कहा कि आप स्वयं काम करें। लघुनाटिका में बोलना सहज है परंतु करने की आदत डालें जो कि एक कठिन कार्य है। बालिका छात्रावास में एक दिन स्वयं काम करें एवं सफाई कर्मियों को अवकाश दें। एक दिन रसोई में खाना बनाये, तथा गोद लिये गांवों में एक बार देखने जरूर जाइये।

खाना खाने आऊॅगीः— महामहिम महोदया ने छात्राओं से कहा कि आप लोग पढाई करने के साथ एक दिन खाना बनाइये, मैं आपके बनाये गये खाने को अवश्य खाऊॅगी।

अंत में कार्यक्रम की समीक्षा करते हुये माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने कहा कि महामहिम द्वारा सुझाये गये निर्देषों का पालन करेंगे।

डॉ. ओ.पी.श्रीवास्तव

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी

ना.दे.प.चि.वि.वि. जबलपुर